औचित्य नोट

जनपद बाराबंकी में उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृत पुराने राजमार्ग एन0एच0–28 (बाराबंकी शहर भाग) रेठ नदी पर पुराने सेतु के समीप 30 मी0 स्पान के आर0सी0सी0 सेतु का निर्माण कार्य की स्वीकृति शा0स0 43/2015/161आ0/23–10–14–115 (सेतु)/दिनांक 20.03.2015 द्वारा रू0 320.24 लाख एवं बाराबंकी के पुराने राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित बाराबंकी शहर के बाईपास मार्ग के असेनी मोड़ पर चौराहा सुधार के कार्य की स्वीकृति शा0स0 156(1)/23–11–2015–1/2(298)/2014 दिनांक 26.03.2015 को रू0 63.71 लाख प्राप्त हुई। मार्ग के किमी 22–23 के मध्य असेनी मोड़ के चौड़ीकरण का कार्य अत्यन्त आवश्यक है क्योकि एकमात्र यही मार्ग शहर के अन्दर से निकले वाले वाहंनो एवं स्थानीय जनता को नये एन0एच0 तक पहुंचाने का मार्ग है जिससे इस मार्ग पर यातायात धनत्व अधिक हो जाता है जिससे प्रायः यातायात अवरूद्ध हो जाता है। एवं किमी0 24–25 के मध्य पूर्व निर्मित रेठ नदी पर पुल अत्यन्त जर्रर अवस्था में है पुल पर मार्ग के चौड़ाई मात्र 6.00 मी0 है जबकि मार्ग के दोनो तरफ लेपित सतह की चौड़ाई 10 मी0 है जिससे पुल पर बाटल नेक जैसी स्थिति बनी हुयी है। इस कारण से इस स्थल पर प्रायः मार्ग अवरूद्ध हुआ रहता है। इस पुल की आयु पूर्ण हो चुकी है। अतः पुराने पुल के समान्तर एक नये पुल एवं पहुच मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। जिससे यातायात सुगमता से चल सके। अतः असेनी चौराहे का चौड़ीकरण तथा पुल एवं पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग किये जाने के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नही है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो०नि०वि०
बाराबंकी

अधिशाषी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3लो०नि०वि०
बाराबंकी